# विज्ञान समिति, उदयपुर
# मासिक रिपोर्ट
नियमित प्रकाशन का पन्द्रहवां वर्ष

Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69



Phone :
0294-2413117, 2411650
E-mail Id :
samitivigyan@gmail.com
Website :
www.vigyansamitiudaipur.org



अंक :175 | स्वैच्छिक सेवा का 58 वां वर्ष | अक्टूबर 2016


- अक्टूबर 2016 में 24 कार्य दिवस। सदस्यों की दैनिक औसत उपस्थिति – 12
- उदयपुर का तापमान अक्टूबर माह में : अधिकतम 36.0$^0$ सेल्सियस, न्यूनतम 16.0$^0$ सेल्सियस रहा।
- सितम्बर माह की मासिक रिपोर्ट, लोकविज्ञान तथा लहर प्रकाशित हुई तथा सभी सदस्यों एवं विशिष्टजनों को प्रेषित की। कुछ सदस्यों को विदेश में ई–मेल द्वारा भी भेजी गई।

## आर्थिक सहयोग

- **आजीवन सदस्यता–** श्री रणजीत सिंह सोजतिया (भण्डारी) रु. 11,000
- **हेल्प टू नीडी** – श्री एस.पी. मित्तल रु. 5000, श्री जी.एल. भाटिया रु. 7000

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रसारण

- **लोकविज्ञान :** अक्टूबर अंक के लेख– **विशाल ब्रह्माण्ड का सामान्य परिचय; चिकनगुनिया : एक चर्चित दर्दनाक रोग; भूलने की समस्या; याददाश्त बढ़ाती है मालकांगणी; आयरन युक्त कच्चे पदार्थ।**

## महिला सशक्तीकरण

- **नवाचार महिला प्रकोष्ठ :** नवाचार महिला प्रकोष्ठ की मीटिंग विज्ञान समिति में 11 अक्टूबर को आयोजित हुई। कार्यक्रम की थीम गरबा एवं दीपावली रखी गई। **श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने मंगलाचरण से कार्यक्रम की शुरुआत की। महिलाओं ने ''हैप्पी दीपावली'' थीम गेम खेला। डांस व गरबा कार्यक्रम का आनन्द लिया। कार्यक्रम में संयोजिका **श्रीमती बेला जैन, ग्रुप लीडर मंजुला शर्मा, सविता कोठारी, राखी जैन, मेघा दावड़ा, कान्ता जोधावत, विजयलक्ष्मी गलुण्डिया** के साथ लगभग 55 महिलाएं उपस्थित थीं।

- **वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ :** दि. 20.10.16 को **मैडम मेरी क्यूरी सभागार** में **श्रीमती चंद्रकान्ता मेहता** ने दीपावली पर्व का महत्व बताया। दीपावली पर आधारित हाऊजी खेल का आयोजन हुआ। **श्रीमती पुष्पा गुप्ता** ने दिमागी कसरत के रोचक प्रश्नपत्र से सबका मनोरंजन किया। 30 सदस्यों की उपस्थिति में उत्साहपूर्वक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। **श्रीमती शंकुतला धाकड़** ने आभार व्यक्त किया। **श्रीमती शिवा तलेसरा** का जन्मदिन मनाया गया।

- **ग्रामीण महिला चेतना शिविर :** दीपावली त्योहार के कारण यह कार्यक्रम 25 अक्टूबर को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 33 ग्रामीण महिलाएं सम्मिलित हुई।




बैठक का संचालन **श्रीमती मंजुला शर्मा** ने प्रार्थना के साथ किया और नये सदस्यों ने अपना परिचय दिया। **डॉ. के एल कोठारी** ने पिछले माह के प्रसंग पर चर्चा करते हुए नया प्रश्न किया कि आप एक महिला में क्या–क्या गुण देखना चाहती हैं। उत्तर मिले – कर्मठ होना चाहिए, परिवार को एक करने वाली होना चाहिए, सभी का सम्मान करने वाली होना चाहिए आदि विचार आए। इस पर उनसे कहा गया कि यह विचार अगले माह लिख कर आए। महिलाओं को समूह बनाकर कार्य करने की प्रेरणा दी गई एवं उन्हें सहायता करने के लिए प्रेरित किया गया और कहा कि सिलाई सीखने वालों की आवश्यकतानुसार और भी प्रशिक्षण शिविर लगाएंगे। **डॉ. के.एल. तोतावत** ने सभी को दीपावली एवं प्रशिक्षण के अच्छे कार्य के लिए बधाई दी। **श्रीमती विमला कोठारी** ने बताया कि जिस समय वह कार्यरत थी उस समय भी महिला हर क्षेत्र में चाहे वह खेल–प्रतियोगिता हो या घर –बाहर के कार्य हों वह भली प्रकार से सम्भालती थी। **डॉ. आर.एल.जैन** ने **श्रीमती विमला कोठारी** को सुनकर कहा कि विज्ञान समिति में प्रारंभ से आज तक उन्होंने सहयोग दिया है। **प्रो. सुशीला अग्रवाल** ने महिलाओं को प्रेरित किया कि आप किसी से कम नहीं हैं और कोई भी काम कर सकती हैं। अपने को किसी से कमजोर मत समझो। **श्रीमती रेणु भण्डारी** ने लहर पत्रिका का वितरण किया तथा उसके विशेष बिन्दुओं पर चर्चा की। चंदेसरा और टूस की लोन की किश्त जमा हुई। **श्रीमती मंजुला शर्मा** ने आभार व्यक्त किया और भोजन कराया गया।

**सिलाई प्रशिक्षण समापन समारोह** – नउआ गांव में आयोजित सिलाई प्रशिक्षण जिसके प्रायोजक महावीर इंटरनेशनल, उदयपुर थे का समापन समारोह महिला चेतना शिविर के बाद समिति सभागार में 25 अक्टूबर को




सम्पादन-संकलन : डॉ. के.बी. शर्मा, अध्यक्ष; डॉ. के.पी. तलेसरा, कार्यकारी अध्यक्ष; रमेश चन्द्र भटनागर, महासचिव




किया गया। **डॉ. के.पी.तलेसरा** कार्यकारी अध्यक्ष विज्ञान समिति ने अनेक अच्छे सुझाव दिए। महावीर इंटरनेशनल के **श्री सुशील सिंघवी** ने महिलाओं को प्रशिक्षण के लिये बधाई दी और बैंकों द्वारा विभिन्न सहयोग करने की योजना की जानकारी दी। यह कार्यक्रम महावीर इंटरनेशनल के उपाध्यक्ष **डॉ. बी.एल. चावत** की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। उन्होंने आगे भी ऐसे कार्यक्रमों में सहयोग करने का आश्वासन दिया। प्रशिक्षण में 25 महिलाएं थी उनमें से समापन समारोह में 15 महिलाएं आई और सभी ने महावीर इंटरनेशनल द्वारा दिए गए कपड़ों से जो विभिन्न पोशाकें बनाई वह समापन समारोह में प्रस्तुत की। सामान्यतया सभी ने अच्छी सिलाई की फिर भी अंकन के आधार पर उनमें से 5 महिलाओं की पोशाकें पुरस्कार के लिए चुनी गई। प्रथम **कुसुम लालावत** रही उसको रु 300 का पुरस्कार दिया। द्वितीय दो महिलाएं रही – **विमला लौहार** तथा **निलीमा सुथार** प्रत्येक को रू. 200 का पुरस्कार दिया। तृतीय **गुड्डी प्रजापत** तथा **तुलसा सुथार रही। प्रत्येक को** रू.150 पुरस्कार दिया गया। प्रशिक्षिका **भावना भीमावत** को भी 300 रू. का पुरस्कार दिया गया।

पुरस्कार राशि **प्रोफेसर सुशीला अग्रवाल** रु.1000, **श्री सुशील सिंघवी** रु. 100 , **डॉ. बी.एल. चावत** रु.100 से प्राप्त हुई। इस कार्यक्रम में समिति की ओर से **डॉ.के एल कोठारी, डॉ.के.पी. तलेसरा, डॉ. के एल तोतावत, श्री आर.सी. भटनागर, डॉ. आर. एल. जैन, प्रो. सुशीला अग्रवाल, श्रीमती विमला कोठारी , श्रीमती रेणु भण्डारी, श्रीमती( डॉ. )शैल गुप्ता, श्रीमती मंजुला शर्मा** आदि समापन समारोह में उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य सेवाएं

● ***निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर :*** **विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास, उदयपुर** के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायं 5 से 6. 30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुए। अक्टूबर माह में 9 शिविर हुए जिसमें 154 दर्दियों की चिकित्सा की गई। **श्री बी. एल. पोखरना** एवं उनके सहयोगी चिकित्सकों का प्रशंसनीय योगदान रहा।

●***श्री बिजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर :*** विज्ञान समिति में चालीसवां शिविर दिनांक 16 अक्टूबर 2016 तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा शिविर में **डॉ.आई. एल.जैन,** वरिष्ठ फिजिशियन एवं हृदयरोग विशेषज्ञ; **डॉ. एच. एन.एस. भटनागर**, वरिष्ठ फिजिशियन; **डॉ. अनुराग तलेसरा,** अस्थि रोग विशेषज्ञ; **दर्शन डेंटल कॉलेज** के दंत रोग विशेषज्ञ एवं उनकी टीम, **श्री अंकित नागौरी**–ब्लड शुगर जांच; **डॉ. भानु प्रकाश,** ई.एन.टी. विशेषज्ञ; **श्री बी.एल.पोखरना, श्री एल.एन. शर्मा** एवं एक्यूप्रेशर टीम ने अपनी मानद चिकित्सा परामर्श सेवाएं यथावत प्रदान की। सभी के प्रति आभार। शिविर में कुल 37 नागरिकों का (7 सामान्य, 15 हृदय, 10 अस्थि, 3 ई.एन.टी., 4 नेत्र, 29 मधुमेह, 5 दंत रोग) विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 6 नागरिकों को एक्यूप्रेशर थेरेपी से चिकित्सा परामर्श दिया गया। आगामी **इकतालीसवां शिविर 20 नवम्बर 2016** रविवार प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा।

## प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ

● यह कार्यक्रम इस बार **डॉ. पी.एल. अग्रवाल स्मृति व्याख्यान** के साथ समाहित किया गया।

● प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाली चर्चाओं में समसामयिक विषयों पर गहन चर्चाएं हुई।

## दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

**अंतराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर अहिंसा संगोष्ठी का आयोजन :**

गांधी जयन्ती के दिन 2 अक्टूबर 16 को **अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस** के अवसर पर विभिन्न धर्मों एवं समाजों में अहिंसा की मान्यता की जानकारी प्राप्त करने एवं आपसी सौहार्द्र बढ़ाने के लिए विज्ञान समिति ने एक अहिंसा गोष्ठी का आयोजन किया जिसमें आर्य समाज से **श्री गिरीश जोशी, बोहरा समाज से डॉ. जोहरा खान,** सिख समाज से **डॉ. सुजान सिंह,** ईसाई धर्म से **फादर नोबर्ट हरमन,** जैन समाज से **डॉ. जेनेन्द्र कुमार जैन**, वाल्मिकी समाज से **श्री बाबु लाल गावरी**, ब्रह्मा कुमारी समाज से **श्री राज सिंह** एवं विज्ञान समिति की ओर से **डॉ. महीप भटनागर** ने अहिंसा के विषय में अपने–अपने विचार प्रकट किए। **अलका श्रीमाली** ने सर्व धर्म गान एवं गायत्री परिवार की **फतेह कुंवर सनाढ्य** ने प्रज्ञा गीत प्रस्तुत किया। गोष्ठी की अध्यक्षता **श्री रियाज तहसीन** ने की मुख्य अतिथि पैसिफिक यूनिवर्सिटी के प्रोप्रेसिडेंट **डॉ. बी.पी. शर्मा** थे। सभी वक्ताओं ने अहिंसा के महत्त्व को स्वीकारा और यह बताया कि किसी न किसी रूप में उनके धर्म और समाज में अहिंसा का समावेश है। मुख्य अतिथि **डॉ. शर्मा** ने अपने उद्‌बोधन में भीष्म युधिष्ठिर संवाद और चीनी यात्री हुवेन्सांग के उदाहरण देकर अहिंसा की महत्ता बताई। प्रारंभ में संगोष्ठी संयोजक **डॉ. एन.एल. कच्छारा** ने

गोष्ठी के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। संचालन कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ. के.पी. तलेसरा** ने किया व धन्यवाद संयोजक **श्री जगत पोखरना** ने दिया। संगोष्ठी में उपस्थित वक्ताओं और भागीदारों का स्वागत विज्ञान समिति संस्थापक **डॉ. के.एल. कोठारी** ने किया।

## डॉ. प्रभुलाल अग्रवाल षष्ठम स्मृति व्याख्यान

22 अक्टूबर 2016 को विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल एवं एम.बी. कॉलेज पूर्व छात्र परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में विज्ञान समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं स्टील ऑथोरिटी ऑफ इण्डिया के पूर्व चेयरमेन **डॉ. पी.एल. अग्रवाल** स्मृति व्याख्यानमाला के अन्तर्गत विख्यात मानव विज्ञानी एवं साहित्यकार **डॉ. योगेश अटल** की वार्ता का आयोजन विज्ञान समिति सभागार में हुआ। वार्ता का विषय था–**भारत का बदलता राजनैतिक परिवेश** रहा जिसमें वार्ताकार डॉ. अटल ने भारतीय राजनीति के क्रमिक विकास के विभिन्न सोपानों को स्पर्श करते हुए वर्तमान राजनीति के बदलते स्वरुप में धर्म व जाति की विसंगतियों को बखूबी उजागर किया। वार्ताकार ने धर्मनिरपेक्ष, मताधिकार की शक्ति, दो दलीय व्यवस्था, गठबंधन की राजनीति, परिवारवाद, वंशवाद आदि बिन्दुओं को स्पष्ट किया। वार्ता के बाद प्रश्नोत्तर का दौर भी चला। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनार्दन राय नागर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति **डॉ. बी.पी. भटनागर** ने की। **डॉ. पी.एल. अग्रवाल** का संक्षिप्त परिचय विज्ञान समिति के पूर्व अध्यक्ष **इंजी. एच वी पालीवाल** ने दिया। इस अवसर पर विज्ञान समिति अध्यक्ष **डॉ. के.बी. शर्मा**, एम.बी. कॉलेज के पूर्व छात्र परिषद् के अध्यक्ष **श्री कैलाश बिहारी वाजपेयी,** महावीर इन्टरनेशल के उपाध्यक्ष **डॉ. बी.एल. चावत**, विज्ञान समिति के कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ. के.पी. तलेसरा** ने भी विचार व्यक्त किये। प्रबुद्ध चिन्तन प्रकोष्ठ के संयोजक **श्री मुनीश गोयल** ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संयोजन **श्री प्रकाश तातेड़** ने किया। **डॉ. जे.के. दोशी** ने वार्ताकार **डॉ. योगेश अटल** का परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को काफी सफल आंका गया।

## केलवा प्रोजेक्ट

●श्रद्धा का 36 वां अंक (अक्टूबर 2016) प्रकाशित–वितरित हुआ। केलवा सीनियर सैकण्डरी स्कूल में स्थापना दिवस 25 दिसम्बर के स्थान पर 14 अक्टूबर को आयोजित किया गया जिसमें 10 छात्रवृत्ति वितरण तथा विद्यार्थियों के लिए उपयोगी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। 300 छात्रों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम बहुत सफल सिद्ध हुआ। विद्यालय के समस्त स्टाफ ने भागीदारी की।

## सदस्यों सबंधी

●हमारे सदस्य एवं पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. पी.एम. अग्रवाल 3 माह तक सपत्नी अपने सुपुत्र के साथ रहने अमेरिका प्रवास पर थे। वापस सकुशुल लौट आए हैं । हार्दिक स्वागत।



**डॉ. के.एल. कोठारी 'समाज रत्न' से अलंकृत** – हमारे संस्थापक **डॉ. के.एल. कोठारी** को राजस्थान जनमंच एवं परमार्थ एवं आध्यात्मिक समिति, जयपुर ने दिनांक 16 अक्टूबर 2016 को एक भव्य समारोह में **समाज रत्न** से अलंकृत किया। इन्हें यह पुरस्कार समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर दिया गया। पिंक सिटी प्रेस क्लब जयपुर में आयोजित इस आयोजन के मुख्य अतिथि **श्री कालीचरण सर्राफ,** उच्च शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार थे।

●हमारे कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ.के.पी.तलेसरा** की सुपौत्री **दीप्ति तलेसरा,** अमेरिका में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित तृतीय अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी सम्मेलन में हिन्दी कविता–रचना–प्रतिस्पर्धा में प्रथम रही। दीप्ति अमेरिका में ही अध्ययनरत है। डॉ. तलेसरा के सुपौत्र **श्री रजत तलेसरा** ने NEET में सफल होकर SDM MEDICAL COLLEGE, धारवाड़ में प्रवेश प्राप्त किया। दीप्ति, रजत एवं तलेसरा परिवार को हार्दिक बधाई।

● जोधपुर में हमारे सदस्य **प्रो.( डॉ. ) सोहन राज तातेड़** पूर्व कुलपति सिंघानिया विश्वविद्यालय, राजस्थान को पीस सोसायटी वर्ल्डवाईड, यु.एन.ए. की कोलकात्ता शाखा द्वारा प्रतिष्ठित **''फैलो सम्मान''** से सम्मानित किया गया।

●हमारी सदस्या **श्रीमती लीना जैन** पत्नी **श्री अजय जैन** (सुपुत्री डॉ.के.एल.कोठारी एवं विमला कोठारी) ने राजस्थान सरकार, रीको एवं फिक्की के संयुक्त तत्वावधान में JECC जयपुर के प्रांगण में आयोजित पाँचवे अन्तर्राष्ट्रीय वस्त्र और परिधान मेले में भाग लिया। कुल 175 प्रतिष्ठानों ने भाग लिया तथा 22 देशों के प्रतिनिधि मेले में सम्मिलित हुए। LA FLORALE, उदयपुर की प्रोपराईटर **श्रीमती लीना जैन** की स्टाल को इथनिक प्रजेन्टेशन में तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। **श्रीमती लीना जैन** और परिवार को हार्दिक बधाई।

●सलिला संस्था, सलूम्बर द्वारा 2–3 अक्टूबर, 2016 को आयोजित राष्ट्रीय बाल साहित्यकार सम्मेलन के अवसर पर हमारे सदस्य **श्री प्रकाश तातेड़** द्वारा सम्पादित स्मारिका ''सलिल प्रवाह'' का लोकार्पण हुआ और उन्हें इस सम्पादन हेतु अतिथियों ने सलिला सम्पादन सम्मान प्रदान किया।

# श्रद्धांजलि



हमारे चार्टर सदस्य एवं पूर्व उपाध्यक्ष सेवानिवृत्त आई.ए.एस. 80 वर्षीय **श्री ललित नारायण शाह** का उनके जयपुर निवास पर दिनांक 14 अक्टूबर को प्रातः 3.30 बजे हृदयगति रुक जाने से देवलोकगमन हो गया। विज्ञान समिति परिवार के लिए यह अत्यन्त शोक का विषय है। श्री शाह ने जब वे उदयपुर में नगर विकास प्रन्यास के सचिव थे समिति को भूखण्ड दिलाने में अहम भूमिका निभाई। जिससे विज्ञान समिति को स्थायित्व मिल सका। श्री शाह एक खुश मिजाज, कुशल प्रशासक, संवेदनशील व्यक्ति थे। परमात्मा उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे और परिवारजनों एवं प्रियजनों को इस विछोह को सहन करने का सामर्थ्य प्रदान करे।

- **श्रीमती मंजुला बाबेल** चार्टर सदस्य विज्ञान समिति वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ का आकस्मिक निधन हो गया। विज्ञान समिति की ओर से हार्दिक संवेदना।

**प्रेषक : विज्ञान समिति, 17 अशोक नगर, उदयपुर**

**बुक-पोस्ट**

**सेवा में**

## जन्मदिन की बधाइयाँ

**November**

| | |
|---|---|
| Smt. Leela Surana | 01/11 |
| Dr. Shail Gupta | 01/11 |
| Dr. B.L.Chawat | 02/11 |
| Sh. S. K. Bhatnagar | 04/11 |
| Sh. M.K. Bhatnagar | 08/11 |
| Sh. H.V.Paliwal | 11/11 |
| Prof. Sushila Agarwal | 12/11 |
| Sh.Y.S. Kothari | 14/11 |
| Dr. K.L. Totawat | 23/11 |
| Mrs. Kusum Bhatnagar | 24/11 |
| Dr. B.L. Baser | 27/11 |
| Smt. Monika Kothari | 29/11 |

**December**

| | |
|---|---|
| Dr. S.P. Dhakar | 01/12 |
| Smt. Renu Dhakar | 02/12 |
| Dr. K.P. Talesara | 08/12 |
| Smt. Santosh Mehta | 10/12 |
| Shri R.C. Khandelwal | 10/12 |
| Sh.Manik Nahar | 20/12 |
| Sh. S.C. Mehnot | 24/12 |
| Smt. Arpana Sharma | 24/12 |
| Sh. Avinash Bhatnagar | 25/12 |
| Smt. Renu Bhandari | 27/12 |
| Sh. S.C. Mehta | 29/12 |
| Dr.I. L.Jain | 31/12 |

जन्म दिन मनाया



श्री लक्ष्मीलाल चंडाल्या- 20 अक्टूबर

**समिति परिसर में जन्मदिन मनाने के लिए आप सादर आमन्त्रित हैं।**

## विज्ञान समिति के नवम्बर माह के कार्यक्रम

- **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन
- **नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**

❑ एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में

❑ श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार 20 नवम्बर 2016 प्रातः 10 से 12 बजे तक

| नियमित मासिक गतिविधियां | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| ✷ दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ मासिक बैठक | 05 नवम्बर 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ नवाचार महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | 10 नवम्बर 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | 21 नवम्बर 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ मासिक बैठक | 26 नवम्बर 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ ग्रामीण महिला चेतना शिविर | 30 नवम्बर 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| **विशेष कार्यक्रम** | | |
| ✷ कृषि वि.वि. साझा कार्यक्रम का उद्घाटन | दिनांक निश्चित होने पर | |
| ✷ घणोली माध्यमिक विद्यालय में छात्रवृति वितरण | दिनांक निश्चित होने पर | |

### अपील

- कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का चौथा वर्ष प्रारंभ हो गया है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।
- निर्माण, स्थायी कोष ( कोरपस फंड ), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं अभावग्रस्तों को सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

**सौजन्य :- श्रीमान् मदनसिंह जी-श्रीमती लीला जी सुराना, 8-सी, मधुबन, उदयपुर (वर्तमान में हांगकांग)**

Quick Print Service # 94147 36608